शुक्रवार
07 जुलाई 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



जनता का काम निर्धारित समय में करें, अकारण परेशान न करें: डीएम 2






# लालू बोले... मोदी की विदाई की तैयारी करनी है, 300 सीटें जीतेंगे

**केटी न्यूज/पटना**

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव अपने पुराने तेवर में नजर आ रहे हैं। विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हो या पार्टी के स्थापना दिवस का मौका। वे पूरे फॉर्म में दिख रहे हैं। गुरुवार को वह ब्लड टेस्ट कराने दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदाई की तैयारी करनी है। विपक्षी एकता पर लालू प्रसाद ने कहा कि 17 दलों के लोग एकजुट हो रहे हैं। उन्हें (बीजेपी) जो कहना है कहने दो। उनका सफाया हो जाएगा।

## लालू यादव का वार



एनसीपी में चल रही सियासी घमासान पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि शरद पवार एक मजबूत नेता हैं। यह सब उनके भतीजे (अजित पवार) का काम है। अजित के रिटायरमेंट वाली टिप्पणी पर राजद प्रमुख ने कहा, क्या वह सिर्फ कहने से रिटायर हो जाएंगे। क्या कोई बूढ़ा आदमी कभी रिटायर होता है। राजनीति में कोई रिटायरमेंट नहीं होता। पत्रकारों ने जब विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री फेस और राहुल गांधी को शादी करने की सलाह के बारे में पूछा, तो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि जो भी प्रधानमंत्री बनता है। उसे पत्नी के बिना नहीं रहना चाहिए। पत्नी के बिना पीएम आवास में रहना गलत है। जब उनसे पूछा गया कि 2023 के चुनावों में गठबंधन को कितनी सीटें मिलेंगी। इस सवाल पर उन्होंने कहा, कम से कम 300 सीटें आएंगी। इससे एक दिन पहले पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में उन्होंने पीएम मोदी और केंद्र पर जमकर निशाना साधा था। लालू ने नसीहत देते हुए कहा कि तोहार का हाल होई? नरेंद्र मोदी सोच ल। हम लोग फूल माला बेचकर जी लेंगे। मुकदमा,मुकदमा मुकदमा करो। सिर्फ यही हो रहा है। 2024 में उखाड़ फेकेंगे।

## रविशंकर का पलटवार



## बीजेपी बिहार में 40 सीटें जीतेगी: रविशंकर प्रसाद

लालू प्रसाद के बयान बिहार से ही बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करके कहा कि बीजेपी बिहार में 40 सीटें जीतेगी। रविशंकर प्रसाद ने कहा, लालू जी ने कोई नई बात नहीं कही है। लेकिन वो यह बात नहीं बता पा रहे हैं कि 2024 लोकसभा चुनाव के लिए जो बारात सज रही है उसका दूल्हा कौन है? रविशंकर प्रसाद ने लालू यादव पर ताना मारते कहा कि आप चिंता नहीं करिए बिहार की सभी 40 सीटें हम ही जीतेंगे। लेकिन अभी आपको बहुत कुछ करना है। आपको चारा घोटाले में बनाई गई नई चार्जशीट पर जवाब देना है, नौकरी के बदले जमीन मामले में जवाब देना है, इसलिए उनको अभी बहुत सारे जवाब देने हैं।

## प्रशांत किशोर का दावा
# महागठबंधन सरकार में 2024 चुनाव बाद पड़ सकती है फूट

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में जन सुराज यात्रा पर निकले चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने महाराष्ट्र की राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करते हुए दावा किया है कि लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार में फूट पड़ सकती है। महाराष्ट्र में हुए सियासी परिवर्तन के बाद बिहार को लेकर भी ऐसी ही आशंका व्यक्त होने लगी। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा की ओर फिर से पाला बदल सकते हैं, लेकिन चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इससे उलट सोचते हैं। बिहार के समस्तीपुर क्षेत्र में जन सुराज यात्रा निकाल रहे प्रशांत किशोर ने कहा, कि महाराष्ट्र में जो राजनीतिक घटना घटी है उससे मुझे नहीं लगता कि नीतीश कुमार हतोत्साहित होंगे जो लोग राजनीति करते हैं, वे बिहार के संदर्भ में कहते हैं, 'बिहार में महागठबंधन की सरकार में 2024 के लोकसभा चुनाव के पश्चात बदलाव हो सकता है।

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की महागठबंधन सरकार पर फिलहाल कोई खतरा नहीं दिखता, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद इसमें बदलाव हो सकता है, और उन्होंने आरोप लगाया कि जदयू, भाजपा या राजद के कुछ सांसदों के पाला बदल सकते हैं। जदयू के कुछ एमपी या बीजेपी के कुछ एमपी या फिर राजद के कुछ एमपी एक दूसरे के दल-बदल लें या फिर एक दूसरे के संपर्क में हैं तो ये चुनाव के पहले होने वाली समान्य घटना है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जिस दिन महागठबंधन बना था उसी दिन मैंने कहा था कि अगले लोकसभा चुनाव में जिस स्वरूप में महागठबंधन है या एनडीए है उस स्वरूप में चुनाव नहीं होगा। ये बात सत्य हो गई मांझी निकलकर भाजपा के साथ चले गए। इसी प्रकार अगले विधानसभा चुनाव से पहले आज की जो स्थिति है, इसमें भी बड़ा परिवर्तन होगा।

## खबरें फटाफट

### गोपालगंज में राजद नेता व प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में सुबह-सुबह बेखौफ अपराधियों ने राजद नेता और प्रॉपर्टी डीलर राजेश कुमार यादव को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि घटना कौशल्या चौक के गोसाई टोला की है। पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया जब वो मार्निंग वॉक पर जा रहे थे। इसे बाद आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। राजेश यादव डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के मामा प्रभुनाथ यादव के रिश्तेदार हैं।

### एनएसयूआई के प्रभारी बने कन्हैया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें एनएसयूआई का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान में बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कन्हैया को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त किया है। इससे पहले रूचि गुप्ता यह जिम्मेदारी संभाल रही थीं।

## चंद्रशेखर ने पीत पत्र भेज केके पाठक की कार्यशैली पर उठाया है सवाल
# शिक्षा मंत्री व विभागीय सचिव के बीच के विवाद को सीएम ने रोका

- जब से केके पाठक को शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है, तब से ही अफसर और मंत्री चंद्रशेखर के बीच का विवाद तूल पकड़ने लगा



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और अपर मुख्य सचिव केके पाठक विवाद सीएम नीतीश के दरबार में पहुंच गया। गुरुवार को नीतीश कुमार ने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा-अगर कोई दिक्कत है तो उसको बातचीत के जरिए सुलझाएं। जिस तरह से बात बढ़ी है, ये अच्छा नहीं लगता है क्योंकि ये सब सरकार से जुड़ी बात है। इस स्थिति से बचना चाहिए था। दोनों को बैठकर बात करनी चाहिए। वहीं शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने अपना पक्ष रखा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान केके पाठक मौजूद थे, मगर मंत्री चंद्रशेखर ने इसे खारिज किया। दरअसल, जब से केके पाठक को शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मिली है, तब से ही अफसर और मंत्री विवाद तूल पकड़ने लगा है। चंद्रशेखर ने कहा कि पूरे मामले के बारे में उन्होंने सीएम नीतीश को डिटेल में जानकारी दी। केके पाठक की पहचान कड़क अफसर के तौर पर रही है। दरअसल, शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर बनाम शिक्षा सचिव केके पाठक के बीच की तलवारें जेडीयू और आरजेडी के बीच तन गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने जिम्मेदारी संभालते ही विभाग और जिला शिक्षा कार्यालयों पर नकेल कसनी शुरू कर दी। अपर मुख्य सचिव की कार्यशैली से बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर से नाराज हैं।

मंत्री चंद्रशेखर ने अपर मुख्य सचिव और निदेशक स्तर के पदाधिकारियों को पीत पत्र भेजकर कार्यशैली पर सवाल उठाया। मंत्री ने नाराजगी जताते हुए पत्र लिखा है कि ऐसा देखा जा रहा है कि कई मामलों में सरकार की कार्य संहिता के हिसाब से काम नहीं कराए जा रहे। राजपत्रित अधिकारी को भी उनके पद के अनुरूप काम नहीं दिए जा रहे हैं। विभाग के ऐसे कई अधिकारी हैं, जिनसे उनके पद से नीचे के स्तर के काम लिए जा रहे हैं। इतना भर ही नहीं शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने केके पाठक को 'नायक' फिल्म के हीरो या रॉबिनहुड वाली छवि नहीं बनाने की नसीहत तक दे डाली।

अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने अब विभाग के अंदर शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के लिए काम करना मुश्किल कर दिया। वो जिस निजी सचिव से पीत पत्र लिखवाए थे, अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने भी एक आदेश निकालकर शिक्षा मंत्री के उस निजी सचिव के विभाग में प्रवेश पर रोक लगा दी। साथ ही निदेशक सुबोध कुमार चौधरी की ओर से एक पत्र भी जारी कराया, जिसमें कहा गया है कि विभागीय मंत्री के आप्त सचिव (बाह्य) कृष्णानंद यादव की ओर से प्रेषित पत्र/पीत पत्र या अन्य कोई भी पत्र रिसीव नहीं करना है।

## सीएम ममता बनर्जी के बाएं घुटने में लगी चोट की हुई सर्जरी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाएं घुटने में लगी चोट की गुरुवार को सर्जरी हुई। ममता बनर्जी को हेलिकॉप्टर से उतरते हुए चोट लगी थी। दरअसल पिछले सप्ताह खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर को सिलीगुड़ी के पास सेवोके एयरबेस में आपात स्थिति में उतारा गया था। इस दौरान उन्हें बाएं घुटने में चोट लगी थी।




## आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री
# 12 हजार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण करेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात जुलाई को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। यहां पीएम 12 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर वाराणसी को सौगात देंगे। इसके साथ पीएम मोदी यहां वाजिदपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वाराणसी दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी पार्टी पदाधिकारियों के साथ टिफिन बैठक में शामिल होंगे और काशी के प्रबुद्धजन से संवाद करेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी के अपने इस दौरे के दौरान कुल 12,148 करोड़ की लागत वाली 29 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें लगभग 1800 करोड़ की लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास और करीब 10,000 करोड़ की लागत वाली योजनाओं का लोकार्पण होगा।



## बनारस के मणिकर्णिका घाट का होगा कायाकल्प

मंडलायुक्त ने बताया कि इन योजनाओं में मणिकर्णिका घाट का कायाकल्प, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, तीन रेलवे ओवरब्रिज, काशी हिंदू विश्वविद्यालय में 10 मंजिला अंतरराष्ट्रीय छात्रावास, 96 सड़कों की मरम्मत और उनका निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री वाटर टैक्सी को भी हरी झंडी दिखा सकते हैं। बीजेपी जिलाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के दो दिवसीय कार्यक्रम को देखते हुए पूरे शहर को सजाया गया है। प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन पर जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे।

विश्वकर्मा ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री सात जुलाई को गोरखपुर में सभा के बाद शाम को वाराणसी हवाई अड्डे पहुंचेंगे। वहां से प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से वाजिदपुर सभा स्थल पहुंचेंगे। यहां वह कार्यकताओं को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद प्रधानमंत्री बरेका अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। यहीं पर प्रधानमंत्री बीजेपी कार्यकताओं के साथ टिफिन बैठक में भाग लेंगे। इसके अलावा वह काशी के प्रबुद्धजन के साथ बैठक भी करेंगे। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल से बरेका तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, साथ ही पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# मवेशियों के लिए चारा लाने गए किशोर की करंट लगने से मौत, विरोध में सड़क जाम

**केटी न्यूज/आरा**

- मुआवजे की मांग के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण, टायर जला किया प्रदर्शन

जिले के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के रामनगर टोला के पास करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। पशुओं के लिए चारा लाने गया युवक करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। उससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मृतक बागा गांव के रहने वाले मो. नौशाद आलम के 18 वर्षीय पुत्र मो. शाकिब था।

वहीं युवक की मौत से ग्रामीण भड़क उठे और शव के साथ सड़क पर उतर गये। मुआवजे की मांग और बिजली कंपनी के कनीय अभियंता को बुलाने की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया गया। टायर जलाकर प्रदर्शन और नारेबाजी की गयी। सड़क जाम कर रहे ग्रामीण युवक की मौत के लिए बिजली कंपनी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे थे। ग्रामीणों की ओर इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए नहर के बांध पर कवर युक्त तार लगाने की मांग की जा रही थी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग जेईई को बुलाने की अपनी मांग पर अड़े रहे। उसके कारण नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाइवे कर करीब दो से ढाई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में संदेश बीडीओ, थानाध्यक्ष अवधेश कुमार और अजीमाबाद थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी पहुंचे और समझदार कर लोगों को शांत कराया गया। उसके बाद रोड समाप्त हुआ और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।






**पेड़ की टहनी से पत्ते तोड़ने के दौरान हुआ हादसा :** बताया जाता है कि बागा गांव निवासी शाकिब रामनगर टोला के पास पशुओं का चारा लाने गया था। उस दौरान वह एक पेड़ पर चढ़कर पत्ते तोड़ने लगा। तभी पेड़ की टहनियां बगल से गुजर रहे 11 हजार हाईवोल्ट के तार से सट गया। उससे वह बुरी तरह झुलस गया। उसके बाद तत्काल ग्रामीणों द्वारा उसे इलाज के लिए संदेश अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद ग्रामीणों मुआबजे के लिए शव के साथ स्टेट हाइवे पर उतर गये। वहीं, अपने जवान बेटे की मौत की खबर सुन कर मां तमन्ना बेगम बिलख पड़ी। पहले तो उनको विश्वास ही नहीं हुआ कि इस तरह का कोई हादसा हुआ है। बाद में शव देखा तो दहाड़ मार कर रोने लगी। बताया जा रहा है कि युवक पांच भाई और एक बहन में तीसरे नंबर पर था। उसकी मौत से घर में कोहराम और रोना-धोना मचा है।

## एक नजर

### कार्यकताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं होगी

**जहानाबाद।** जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जदयू जिला कार्यालय के समीप अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सदा जी का कार्यकताओं द्वारा फूल मालाओं एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में माननीय मंत्री को जदयू कार्यालय में अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं को कहा की कार्यकर्ता पार्टी का रीड होते है। कार्यकताओं को मान सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं जागरूक करने का काम करें। अगले साल होने वाले चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम करे। इस अभिनंदन समारोह में शिरकत करने वाले प्रदेश सचिव रंगनाथ शर्मा, जिला संगठन प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह, अभियान प्रभारी कमलेश वर्मा, जिला प्रवक्ता अमित कुमार पम्मु,संजय कुमार सिंह, जुगेश दास, धनंजय दास, कार्यालय प्रभारी गुलाम मुर्तजा अंसारी, सियामानी देवी, प्रमिला कुशवाहा, प्रेम कुमार पप्पु, मधेश्वर यादव, मुरारी यादव, संजय विश्वकर्मा, अयोध्या प्रसाद निषाद, अनुज निराला, संजय चौधरी, चंदन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### बेलचा से पीटकर मजदूर की हत्या का मुख्य आरोपित गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**आरा।** चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में पिछले मई माह में मजदूर की बेलचा से पीट-पीटकर हत्या करने का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह पवना थाने के रुदलपुर गांव निवासी सूरज यादव उर्फ मनू यादव है। उसने अपने दो-तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। घटना में शामिल उसके अन्य साथियों की भी पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 मई की रात चांदी थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी स्व. रामानुज सिंह के 45 वर्षीय पुत्र जीतन सिंह उर्फ इंद्रजीत सिंह कुछ लोगों के साथ बागीचे में बैठा था। आपसी विवाद के उन लोगों का आपस में झगड़ा और मारपीट हुआ था। उसी दौरान बेलचा से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गयी। उसके बाद एएसपी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित कर छापेमारी की जा रही थी। उसी क्रम में बुधवार की रात मुख्य आरोपित के रूप में पवना थाने के रुदलपुर गांव निवासी सूरज यादव उर्फ मनु यादव की पहचान करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। उसने पूछताछ में हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है और अपने दो अन्य साथियों के नाम भी बताया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ और अबतक की जांच में पैसे की लेनदेन सहित अन्य आपसी विवाद में हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी और पूछताछ के बाद ही मामला पूरी तरह क्लीयर हो सकेगा। छापेमारी में चांदी थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन सम्पन्न

**जहानाबाद।** बुल्डोजर राज खत्म करो, गरीबों की घर उजाड़ने के पहले पुनर्वास की व्यवस्था करो आदि मांगों को लेकर काको सीओ के समक्ष धरना-प्रदर्शन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता काको प्रखंड कमिटी सदस्य कामरेड प्रताप दास ने किया। जिला सचिव कामरेड रामाधार सिंह, काको प्रखंड सचिव कामरेड विनोद कुमार भारती, महिला संगठन, ऐपवा नेत्री कामरेड रेणू देवी, किसान महासभा के जिला सचिव कामरेड सौखिन यादव, भरत प्रसाद, सतीश चौधरी, अवधेश पाण्डेय, राम ईश्वर मांझी, कंचन देवी आदि ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि बुल्डोजर राज में सामंती वर्चस्व के कारण बड़े, बड़े भूस्वामी आज भी गैरमजरुआ जमीन, आहर, पोखर, नदी, पहाड़, जंगल कब्जा कर रखा है। काफी दिनों से बसे हुए गरीबों को सरकार बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए धड़ल्ले से उजाड़ रही है। एक तरफ सरकार गरीबों को उजाड रही है तो दुसरे तरह वही जमीन को पुंजीपतियों को औने, पौने दाम पर जमीन दे रही है। सरकार गरीबों की बात बोलकर अमीरों, माफियाओं, पुंजीपतियों की सेवा करने में लगी हुई है। यही है बुल्डोजर राज की असली चेहरा।

## सिविल सर्जन ने की जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा

# गांव गांव में प्रचार प्रसार के लिए प्रखंडों से रवाना किए जाएंगे सारथी रथ: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

- 11 से 30 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन

जिले में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। जिसके उपलक्ष्य में 11 से 30 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों व समीक्षा के लिए गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने जिला स्तरीय बैठक बुलाई। इस बैठक के द्वारा सुखी परिवार हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र पर लड़की की शादी, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई एवं स्वच्छता का महत्व इत्यादि विषयों पर जन जागरण हेतु प्रचार प्रसार के लिए सारथी रथ को 11 जुलाई के दिन हरी झंडी दिखाकर रवाना करने हेतु निर्देशित किया गया। यह रथ गांव-गांव में जाकर जन जागरण का कार्य करेगा।

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 27 जून से 10 जुलाई तक प्रखंड स्तर पर आशा कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर महिला पुरुष समानता, स्वस्थ जीवन हेतु साफ-सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, सुखी एवं स्वस्थ जीवन हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र में शादी, पहला बच्चा शादी के 2 वर्ष बाद, एवं दो बच्चों के बीच 3 वर्ष का अंतर इत्यादि विषयों पर जन जागरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही आशा कार्यकताओं द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध बास्केट ऑफ चॉइस से योग्य दंपतियों को अवगत कराया जायेगा तथा अस्थाई सेवाएं भी हाथों-हाथ उपलब्ध करायी जाएंगी।





**गर्भनिरोधक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी :** बैठक में बताया गया कि परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ चॉइस में माला एन दैनिक गर्भनिरोधक गोलियां, इमरजेंसी गर्भनिरोधक गोलियां, छाया साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोलियां, अंतरा 3 महीने के लिए लगाई जाने वाली गर्भनिरोधक सुई, कंडोम, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी इत्यादि अस्थाई साधन तथा महिला एवं पुरुष नसबंदी जैसे परिवार नियोजन की स्थाई विधियां शामिल है। 11 से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है, इस दौरान सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इच्छुक लाभार्थियों को अभियान चलाकर उनकी इच्छा अनुसार गर्भनिरोधक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**प्रत्येक प्रखंड में परिवार कल्याण मेला का होगा आयोजन :** कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंड में अंतर विभागीय संबंध में बैठक का आयोजन किया जाना है, विश्व जनसंख्या दिवस के दिन प्रत्येक प्रखंड में परिवार कल्याण मेला का आयोजन किया जाना है तथा जागरूकता हेतु साइकिल रैली चौपाल इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। ग्राम स्तर पर लाभार्थियों से सीधा संपर्क करने हेतु प्रत्येक आंगनबाड़ी क्षेत्र में सास बहू बेटी सम्मेलन का भी आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर एवं अनुमंडल अस्पताल हेतु लक्ष्य निर्धारण किया गया है और सभी सदस्य द्वारा लक्ष्य हासिल नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह, डीपीएम मनीष कुमार, आरपीएम पीयूष रंजन, डीसीएम हिमांशु सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक व काउंसलर शामिल रहे।

**बढ़ाई जाएगी पुरुषों की सहभागिता :** सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में अब तक चलाए गए परिवार स्थिरता पखवाड़ा में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सहभागिता अधिक देखने को मिली है। जिसे अब बराबर करने का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। इसके लिए सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही, प्रखंड स्तर पर पुरुषों की सहभागिता का अनुश्रवण किया जाएगा।

## सासाराम के लोगों से अरवल में हुई लूट मामले में छापेमारी

**अरवल।** पुलिस अधीक्षक मो. कासिम ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को सासाराम निवासी दिनेश कुमार मिश्र अपने रिश्तेदार के साथ कार से एनएच 139 से सासाराम जा रहे थे। कलेर बाजार के आगे टायर पंचर हो गया। जिसके बाद सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर स्टेपनी बदलने लगे तभी चार लोग कट्टा का भय दिखाकर उनके और उनके रिश्तेदारों से दो मोबाइल और 18 हजार लूटा था। इस संबंध में कलेर थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई थी। उन्होंने कहा कि एसडीपीओ ने राजीव रंजन के नेतृत्व में एक टीम के गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान कर सड़क के किनारे लूटपाट करने वाले गिरोह का पता लगाया। साथ ही, लूटा हुआ मोबाइल औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के अरई गांव से लक्षु राजवंशी के घर छापेमारी कर बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर अपराधी अपना अपराध स्वीकार करते हुए लूटकांड में शामिल अपने साथी का नाम गुड्डू राजवंशी, सुरेश राजवंशी, दोनों के पिता घूनसारी राजवंशी घर अरई और दिनेश पासवान पिता श्रीराम पासवान घर भरूब औरंगाबाद बताया। उन्होंने कहा कि सभी अभियुक्तों के घर में छापेमारी की गई, लेकिन सभी घर से फरार थे। चारों लुटेरे में गुड्डू राजवंशी के विरुद्ध अरवल और औरंगाबाद जिला में लूटपाट के आधा दर्जन से अधिक मामले विभिन्न थाने में दर्ज है। अन्न का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

## वाणावर पहाड़ में 10 व 11 जुलाई को आयोजित होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के वाणावर पहाड़ में आगामी 10 एवं 11 जुलाई को केंद्रीय पर्यटन विभाग के द्वारा पर्यटन को बढाबा देने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को केंद्रीय पर्यटन विभाग की टीम वाणावर पहाड़ पहुंचकर जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने पहाड़ी इलाका के पाताल गंगा में सम्राट अशोक निर्मित गुफाओं का भी अवलोकन किया।

बीडीओ प्रभाकर सिंह ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन विभाग की टीम गुरुवार को वाणावर पहाड़ पहुंचकर जायजा लिया, उन्होंने बताया के केंद्रीय टीम के द्वारा पहाड़ी इलाका में आगामी 10 एवं 11 जुलाई को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, कार्यक्रम में नित्य संगीत की प्रस्तुति की जाएगी साथ ही साथ आईटीबीपी के जवानों के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में कई नामचीन कलाकार पहुचकर कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। बताते चलेगी जहानाबाद जिले के ऐतिहासिक मखदुमपुर प्रखंड का वाणावर पहाड़ है। जहां सम्राट अशोक द्वारा निर्मित सात गुफाएं है। वहीं पहाड़ की चोटी पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर है। जहां पूरे वर्ष श्रद्धालु पहुचकर बाबा के मंदिर में जलाभिषेक करते है। वहीं विदेशी पर्यटक पहुंचकर गुफाओं का अवलोकन करते हैं। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा प्रत्येक वर्ष श्रावणी मेला आयोजित किया जाता है।

## 11 पुड़िया हेरोइन व चार लाख रुपए के साथ तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुरुवार की अहले सुबह लाखों रुपए नगदी और हेरोइन के साथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी शिवकुमार चौधरी उर्फ गोगा है। वह इलाके में घूम-घूमकर हेरोइन की बिक्री करता है। उसे गुरुवार की सुबह बेलाउर गांव के पास से ही गिरफ्तार किया गया है। तब वह हेरोइन बेच कर लट रहा था। उसके पास से तीन लाख 86 हजार 500 रुपए नगद, 11 पुड़िया हेरोइन, 230 ग्राम रबर, 40 ग्राम एल्यूमीनियम का तार, पुड़िया बनाने का कटिंग किया गया कागज और तीन मोबाइल जब्त किया गया है।

एसपी प्रमोद कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उदवंतनगर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बुधवार की रात हत्या के कांड में आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी करने बेलापुर गांव गयी थी। करीब




चार बजे जब पुलिस लौट रही थी, तभी बेलाउर मेन रोड पर पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। जिसे जवानों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पीठू बैग से पौने चार लाख नगद और हेरोइन की पुड़िया सहित अन्य सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार शिवकुमार चौधरी उर्फ गोगा कुख्यात हेरोइन तस्कर है। पिछले साल भी वह हेरोइन तस्करी में जेल जा चुका है।




## जैव अवशिष्ट प्रबंधन की बैठक में जिलाधिकारी ने दिखाई सख्ती, दिए निर्देश

# मेडिकल कचरा नहीं देने वाले क्लिनिक का निबंधन होगा रद्द

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में सदर अस्पताल में जिला स्तरीय समिति, जैव अवशिष्ट प्रबंधन की बैठक स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ कर कई आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में जितने भी वैध व अवैध क्लिनिक संचालित है, उसके सूची तैयार कर जैव अवशिष्ट प्रबंधन के तहत कचड़ा नहीं दिया जा रहा है, उसका निबंधित रद्द करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला में स्थित सभी स्वास्थ्य उपचार सुविधाओं की सूची तैयार कर अभिलेखित करने का निदेश दिया गया। जिला में स्थित



सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्वास्थ्य उपचार सुविधाओं का बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से जीव चिकित्सा अवशिष्ट प्रबंधन नियमावली प्राधिकार प्राप्त करने की स्थिति का समीक्षा करने का निदेश दिया गया। जिले में प्राधिकार प्राप्त किये बिना संचालित स्वास्थ्य उपचार सुविधाओं को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के निहित शक्ति को नैसर्गिक न्याय का पालन करते हुए विद्युत विच्छेदन सहित का प्रवर्तन करने की स्थिति में समीक्षा करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिले के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी संचालित संस्थान यथा- अस्पताल, सभी स्वास्थ्य केंद्र, क्लिनिक, लैब, पशु चिकित्सालय इत्यादि जहां बायो मेडिकल वेस्ट निकलता है। वहां उसके डिसपोजल के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिवार्य निबंधन तथा अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

जैव अवशिष्ट प्रबंधन को अलग अलग करने के लिए चार प्रकार के रंगों यथा लाल, पीला, हरा तथा नीले डस्टबिन में रखा जाना है। बताया गया कि जैव अवशिष्ट के प्रबंधन हेतु राज्य स्तर से चयनित एजेंसी द्वारा निबंधित संस्थानों को उक्त रंगों के अनुसार जैव अवशिष्ट को छांटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारी को निदेश दिया कि वे अपने स्तर से संस्थानों की जांच कर लें तथा जो निबंधन नहीं करा रहे हैं उनकी सूची उपलब्ध करायें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से निबंधन कराना अनिवार्य है तथा जो निबंधन नहीं करवा रहे हैं, उन पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए प्रमंडल स्तर पर चयनित एजेंसी द्वारा उठाव कर गया जिले में इंसीनेरेटर के माध्यम से नियमानुसार डिसपोजल कराने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल अवस्थित वन रहें प्री-फेब्रीकेटेड भवन के कार्य का निरीक्षण किया।

# पंचायत नियोजन इकाई के स्थानांतरण आदेश पर कुंडली मार बैठे हैं कई शिक्षक

- मामला नावानगर प्रखंड के बेलांव पंचायत का, डीएम से शिकायत करेंगे सचिव
- पंचायत नियोजन इकाई की बैठक में सात शिक्षकों का पंचायत अतर्गत किया गया है तबादला



**केटी न्यूज/नावानगर**

शिक्षा विभाग में मनमानी तथा नियमों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। विभागीय आदेश की अवहेलना आए दिन की जाती है। वहीं अब प्रखंड के बेलांव पंचायत के शिक्षकों ने अपने नियोजन इकाई के आदेश को दरकिनार कर दिया है। मामला पंचायत शिक्षकों का पंचायत के अंतर्गत हुए तबादलें का है। बता दें कि बेलाव पंचायत नियोजन इकाई की बैठक 28 जून को संपन्न हुई थी। जिसमें बिहार पंचायत प्रारंभिक सेवा नियमावली 2020 के कंडिका 15 ( 1 ) के तहत शैक्षणिक माहौल सुधारने के लिए लंबे समय से एक ही जगह पर कार्यरत कुल सात पंचायत शिक्षकों का तबादला दूसरे विद्यालयों में किया था। पंचायत नियोजन इकाई द्वारा 10 दिनों के अंदर सभी शिक्षकों को अपने नये विद्यालय में योगदान देने तथा जुलाई का वेतन नये विद्यालय मिलने की बात भी पत्र में बताई गई थी। नियोजन इकाई द्वारा इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ तथा शिक्षा विभाग के स्थापना डीपीओ को भी दी गई थी। बावजूद पंचायत नियोजन इकाई के इस आदेश पर स्थानांतरित होने वाले शिक्षक कुंडली जमाए बैठे है। यही नहीं एक शिक्षक जब नियोजन इकाई द्वारा जारी पत्र के बाद अपने मूल विद्यालय से विरमन लेटर लेकर नये स्कूल में योगदान के लिए पहुंचे तो वहां की प्रधानाध्यापिका ने उन्हें योगदान कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पंचायत नियोजन इकाई ने इसे गंभीरता से लिया है तथा विभाग व डीएम के पास पत्र लिख इसकी जानकारी देने और संबंधित शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।

### इन शिक्षकों का हुआ है तबादला

जानकारी के अनुसार बेलांव पंचायत के प्राथमिक विद्यालय बसमनपुर में कार्यरत शिक्षक उमेश कुमार आजाद को प्राथमिक विद्यालय घुनसारी में स्थानांतरित किया गया है। वही प्राथमिक विद्यालय भोला चौधरी के डेरा के शिक्षक उमेश कुमार और रंजन कुमार सिंह को प्राथमिक विद्यालय बेलांव पूर्वी में, प्राथमिक विद्यालय घुनसारी के शिक्षक राजेश कुमार को प्राथमिक विद्यालय भोला चौधरी के डेरा, प्राथमिक विद्यालय कुंजनारा के शिक्षक चंदन कुमार को प्राथमिक विद्यालय बसमनपुर, प्राथमिक विद्यालय बेलाव पूर्वी की रमावती देवी को प्राथमिक विद्यालय भोला चौधरी के डेरा तथा रीता कुमार को प्राथमिक विद्यालय कुंजनारा में स्थानांतरित कर दिया गया है। नियोजन इकाई द्वारा नये विद्यालय में योगदान के लिए निर्धारित समय भी अब समाप्त होने वाला है। बावजूद शिक्षकों ने अपने नये विद्यालय में योगदान नहीं किया है।

### प्रधानाध्यापिका ने योगदान कराने से किया इंकार

स्थानांतरण सूची में शामिल प्राथमिक विद्यालय भोला चौधरी के शिक्षक रंजन कुमार अपने नये विद्यालय प्राथमिक विद्यालय बेलाव पूर्वी में योगदान के लिए पहुंचे थे। लेकिन वहां की प्रधानाध्यापिका ने योगदान कराने से मना कर दिया। जबकि इस सूची में प्रधानाध्यापिका का भी नाम है।

**क्या कहते हैं पंचायत सचिवः** पंचायत सचिव मनोज कुमार भगत ने कहा कि लंबे समय से एक विद्यालय में जमे शिक्षकों का तबादला किया गया है। लेकिन शिक्षक नये विद्यालय में योगदान से आनाकानी कर रहे है। इसकी शिकायत विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ ही डीएम से की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### सौतेले बेटे की हत्या का आरोपी पिता गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में बुधवार की शाम सौतेले पुत्र की हत्या कर फरार हुए झोला छाप डॉक्टर को पुलिस ने मोबाईल सर्विलांस के आधार पर बक्सर से गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। बता दें कि झोला छाप डाक्टर अमित कुमार मुलरूप से नावानगर थाना क्षेत्र के केसठ महादेवगंज का निवासी था। उसने दो शादियां की थी। पहली पत्नी को वह सिकरौल में रखा था। जबकि चार वर्ष पूर्व दूसरे धर्म की विधवा सपना के साथ झांसा दे शादी किया था। सपना को पहले से एक पुत्र व एक पुत्री थी। वह दोनों को अपने साथ लेकर आई थी। पहले तो सबकुछ ठीकठाक चल रहा था। वह रघुनाथपुर में ही एक नर्सिंग होम चला रहा था। लेकिन बाद में जब दूसरी पत्नी की बच्चों की पढ़ाई लिखाई का खर्च वहन नहीं कर सका तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। बुधवार को वह टुड़ीगंज के एक अस्पताल में काम के सिलसिले में गई थी। इसी दौरान वह गमछे से बेटे का गला घोट फरार हो गया। वही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि मोबाईल सर्विलांस के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### हत्या अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाया आजीवन कारावास

**बक्सर।** गुरूवार को एडीजे फोर विजेंन्द्र कुमार ने हत्या के एक मामले में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा तथा 50 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया है। जबकि एक महिला अभियुक्त को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। वही एक अभियुक्त की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। मामला नावानगर थाना क्षेत्र के बाली गांव से जुड़ा है। जहा 3 मई 1999 को अभियुक्त खदेरन चौधरी, नंदिनी चौधरी व भोला चौधरी पर लाठी डंडे से पीट जख्मी करने का आरोप लगाते हुए भगवान सिंह ने कांड संख्या 27/1999 दर्ज कराया था।

## जिलाधिकारी ने अनियमितता पर अधिकारियों व कर्मियों को लगाई फटकार

# जनता का काम निर्धारित समय में करें अकारण किसी को परेशान न करें: डीएम

- डीएम अंशुल अग्रवाल ने नावानगर के आरपीटीएस काउंटर का किया निरीक्षण
- आथर व मणियां पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का किया उदघाटन
- पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वासुदेवा मध्य विद्यालय प्रांगण में किया पौधरोपण







**केटी न्यूज/नावानगर**

गुरुवार को नावानगर के दो पंचायतों में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उद्घाटन करने पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल अचानक प्रखंड मुख्यालय पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया तथा लाइन में खड़े लोगों से जानकारियां भी ली। मसलन कर्मियों की तत्परता, काम से संतुष्टि सहित कई अन्य सवालों को डीएम ने लोगों से पूछा। इस दौरान एक ग्रामीण गोवर्धन प्रसाद ने बताया कि वे राशन कार्ड में नाम जोड़वाने के लिए आवेदन लेकर आए हैं। पर आरटीपीएस कर्मी उसे किसी अन्य जगह से ऑनलाइन कराने को कह रहे हैं। इतना सुनते ही डीएम ने उक्त आरटीपीएस कर्मी को फटकार लगाई तथा कहा कि जितने लोग आवेदन लेकर खड़े हैं सबका आवेदन जमा करो।

वहीं उन्होंने बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों को आम जनता का काम निर्धारित समय में करने, किसी को अकारण परेशान नहीं करने तथा समय से अपनी ड्यूटि करने जैसी हिदायतें भी दी। डीएम के इस तेवर से प्रखंड कार्यालय में मौजूद आम आवाम काफी खुश दिखा। जबकि कर्मियों की मुश्किलें बढ़ी रहीं।

डीएम ने आथर व मणियां पंचायत में बने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का उदघाटन कर जनता को समर्पित किया। दोनों पंचायतों में अपने संबोधन के दौरान डीएम ने इस उदेश्य समझाते हुए कहा कि पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन का दूसरा फेज चलाया जा रहा है। डीएम ने ग्रामीणों को समझाया कि घरों से निकलने वाले कूड़ा कचरा को सफाई कर्मियों को देना है तथा पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सहभागी बन अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में योगदान देना है। डीएम ने जनप्रतिनिधियों व लोगों को पंचायत के सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने की अपील की तथा उस परिसर में पौधरोपण भी किया। डीएम के अपील पर ग्रामीणों ने एक स्वर में अपने पंचायत को साफ सुथरा रखने का संकल्प लिया।

**विद्यालय में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेशः** नावानगर के अपने दौरे के दौरान डीएम ने अंत में वासुदेवा मध्य विद्यालय पहुंच परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों तथा छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारा पर्यावरण दूषित व असंतुलित हो गया है। बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उसकी देखभाल करना है। उन्होंने कहा कि यदि हम अभी से भी नहीं चेते तो आने वाला समय और कठिन होने वाला है। डीएम ने अपीली की कि धरती पर जीवन को बचाने के लिए हम सभी को कम से कम अपने जीवन में एक पौधा लगाना होगा तथा उसकी देखभाल पूरे शिद्दत से करनी होगी। इसके बाद डीएम वासुदेवा बिंद टोली स्थित अनु जाति बस्ती को आवंटित आवासीय परिसर में बने दो बकरी सेड का उदघाटन कर उसकी चाभी बकरी पालक महिलाओं को दी। इस दौरान डीएम लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को भी सुना तथा समाधान के आश्वासन भी दिए।

## एक नजर

### डुमरांव में लांच हुआ जियो भारत 4 जी मोबाईल, कीमत मात्र 999 रूपए



**डुमरांव।** अनुमंडल मुख्यालय में गुरूवार को जियो कंपनी की चर्चित भारत जीयो 4 जी मोबाईल की लांचिग की गई। इसका उद्घाटन रिलायंस जिओ कंपनी ने अपने डिस्ट्रीब्यूटर पॉइंट रिशु इंटरप्राइजेज डुमरांव पर किया। इस मोबाइल की कीमत मात्र 999 रुपए है। इसमें 4-जी इंटरनेट सेवा, व्हाट्सअप, जियो सिनेमा, जियो सावन इत्यादि सभी प्रकार की सेवा उपलब्ध है। मात्र 123 रुपए के रिचार्ज पर 14 जीबी डाटा और पूरे महीना कॉलिंग फ्री रहेगा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डुमरांव नगर परिषद की चेयरमैन सुनीता गुप्ता, जियो भारत 4 जी मोबाइल कंपनी के बक्सर के मैनेजर मनीष वर्मा, एमएल मुकेश, राघव और डिस्ट्रीब्यूटर रोशन गुप्ता के सामने महरौरा की रहने वाली एक गरीब दिव्यांग लड़की कंचन पाल को कंपनी की तरफ से एक मोबाइल गिफ्ट में दिया गया। इसके पहले कंपनी मैनेजर ने शॉल व बुके देकर चेयरमैन का स्वागत किया। चेयरमैन ने कंपनी की इस पहल की जमकर सराहना की और बताया कि मोबाइल के लांचिंग के दिन एक गरीब और दिव्यांग लड़की को मोबाइल मिलने से उसके पढ़ाई में बहुत सहूलियत होगी। इस मौके पर शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहनजी, के के गुप्ता, अजय गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता, डॉ. सुशांत गुप्ता और प्रताप नारायण समेत कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रौशन गुप्ता ने किया।

### दोषियों की गिरफ्तारी व कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था की बहाली तक जारी रहेगा आंदोलन



**बक्सर।** एमवी कॉलेज में असमाजिक तत्वों द्वारा किए गए मारपीट के खिलाफ शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तकर कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरूवार को भी पूरे दिन शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी हड़ताल पर डटे रहे। यह अनिश्चितकालीन धरना कॉलेज में असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए मारपीट के विरोध में तथा महाविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर किया जा रहा है। शिक्षक संघ के सचिव डॉ छाया चौबे एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के सचिव डॉ अरविंद कुमार सिंह ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तथा कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था बहाल नहीं होती है तब तक हम सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी धरना पर बैठे रहेंगे। उपद्रवियों द्वारा इस मामले की लिपापोती के लिए सोशल मीडिया पर मुद्दे को भटकाने के लिए जातीय रंग दिया जा रहा है, जो सर्वथा अनुचित है। राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष अवधेश प्रसाद एवं संस्कृत विभाग विभागाध्यक्ष ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि महाविद्यालय में कभी भी जाति धर्म के आधार पर कोई काम नहीं होता है। हम दोनों अति पिछड़ी जाति के हैं फिर भी इन उपद्रवियों ने हम पर भी जानलेवा हमला किया है। फिर इस मुद्दे में जातीय रंग कहां से आता है। महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी एक स्वर में समाज के बुद्धिजीवियों से अनुरोध किया कि इन असामाजिक तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करें एवं महाविद्यालय के गरिमा को बहाल करने में महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सहायता करें। धरना पर डॉ भरत कुमार, डॉ यशवंत कुमार, डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, प्रियरंजन, डॉक्टर प्रिया रंजन चौबे, डॉ नवीन पाठक, डॉ. योगर्षि राजपूत, वीरेंद्र कुमार पांडे, चिन्मय प्रकाश झा, डॉ अमित कुमार मिश्र सहित कई अन्य कर्मी शामिल रहे।

### सौरभ तिवारी ने प्राचार्य पर असामाजिक तत्वों को प्रश्रय देने का लगाया आरोप

**बक्सर।** एमवी कॉलेज में शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं शिक्षकों के अनिश्चितकालीन धरने के दूसरे दिन पूर्व छात्रनेता सह महासचिव, पूर्ववर्ती छात्रसंघ सौरभ तिवारी गुरूवार को सम्मिलित हुये। सौरभ तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय परिवार के किसी सदस्य पर इस तरह का हमला बर्दाश्त से बाहर है। इस तरह के तत्व छात्रों के हितैषी नही है। ये लोग छात्र हित के आड़ में छात्रों के शोषण करने वाले लोग है। शिक्षक व कर्मचारी पर जानलेवा नियत से किया गया हमला उनकी गलत मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज को अपनी अय्याशी का अड्डा बनाने वाले लोगों को मदद करने वाले प्राचार्य भी दोषी हैं। प्राचार्य ऐसे लोगो को प्रश्रय देकर कॉलेज की गरिमा को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। प्राचार्य को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए या विश्वविद्यालय प्रशासन अविलंब ऐसे सभी लोगों पर कठोर कार्रवाई करें। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान मालिकार्जुन राय, सुप्रभात गुप्ता, सीटू लाल, कुंदन वर्मा, धनजी सिंह, आमोद पांडेय, अभय चौबे, बैजू मिश्रा, कौशल सिंह, पवन पांडेय समेत अन्य छात्रनेता मौजूद रहे।

## रिटायर्ड बिजली एसडीओ के बंद घर में लाखों की चोरी

- पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस ने की घटनास्थल की जांच

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के टेक्सटाईल कॉलोनी स्थित एक बंद घर में चोरों ने हाथ साफ किया है। सुबह में घर का ताला टूटा देख पड़ोसियों ने गृहस्वामी तथा स्थानीय पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद डुमरांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंच आवश्यक जांच पड़ताल की। हालांकि गृहस्वामी के दूसरे प्रदेश में होने के कारण न तो एफआईआर दर्ज हो सका है और न ही इस बात की जानकारी मिल पाई है कि चोरों ने क्या क्या चुराया है। जानकारी के अनुसार बिजली कंपनी के एसडीओ के पद से रिटायर्ड हुए तथा मूलरूप से लाखनडिहरा गांव निवासी त्रिभुवन दूबे टेक्सटाईल कॉलोनी में अपना मकान बनाए है। जहां वे खुद रहते है। उनका एक पुत्र बैंगलोर में जॉब करता है। वे एक पखवाड़ा पूर्व घर में ताला बंद कर अपने पुत्र के पास चले गए थे। बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे पर लगे ताला को तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। आशंका जताई जा रही है कि आभूषण व कीमती सामानों समेत लाखों रूपए मूल्य की संपति पर चोरों ने हाथ साफ किया है। इस घटना के बाद टेक्सटाईल कॉलोनी के लोग चोर उचक्कों से डरे सहमें हुए हैं।

### कठार खुर्द में बिजली कंपनी के अधिकारियों से दुर्व्यवहार, केस दर्ज

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के कठार खुर्द गांव में ट्रांसफार्मर में आई खराबी को दूर करने पहुंचे बिजली कंपनी के जेई तथा अन्य कर्मियों के साथ ग्रामीणों ने दुर्व्यवहार किया है। इस मामले में ब्रह्मपुर जेई अमित कुमार राय ने कृष्णाब्रह्म थाने में एक वार्ड सदस्य समेत चार नामजद व 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार कठार खुर्द गांव वार्ड 16 स्थित ट्रांसफार्मर में खराबी आई थी। ग्रामीणों की शिकायत पर जेई अमित इसकी जांच करने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने नाजायज मजमा खड़ा कर कंपनी अधिकारी तथा कर्मियों के साथ दुर्व्यहार करने लगे।

## बलिया में कार ने बाइक में मारी टक्कर प्राथमिक स्कूल दुल्हपुर के शिक्षक की मौत

- बलिया के चितबड़ागांव के पास हुई घटना
- पैतृक गांव जाने के दौरान कार की टक्कर से सड़क पर गिरे, ट्रक ने कुचला

**केटी न्यूज/सिमरी**



बुधवार की शाम उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के चितबड़ा गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में सिमरी अंचल के कन्या प्राथमिक विद्यालय दुल्हपुर में पदस्थापित शिक्षक कमलेश कुमार यादव की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना शाम करीब पांच बजे की बताई जा रही है। मृतक स्कूल के बाद किसी जरूरी काम से अपने पैतृक गांव गाजीपुर जिले के उतरांव जा रहे थे। इसी दौरान चितबड़ा गांव के समीप एक तेज रफ्तार स्वीफ्ट डिजायर कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिर पड़े इसी दौरान उधर से गुजर रही ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

इसकी जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि उनका नियोजन वर्ष 2013 में ही हुआ था तथा सिमरी में वे अपना घर भी बना लिए थे। लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। गुरूवार को इस मनहूस खबर के मिलने के बाद विद्यालय के शिक्षकों में भी शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षकों ने शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद सभी शिक्षक मातपपूर्सी के लिए उनके पैतृक गांव भी गए। अपने प्रिय शिक्षक के असामयिक निधन से विद्यालय की छात्राएं भी मर्माहत हो गई थी।

## महंगाई ने बिगाड़ा जायका, अगले दो महीने तक सब्जियों के भाव में सुधार की संभावना नहीं

# टमाटर के बाद अब हरी सब्जियों के दाम भी छूने लगे आसमान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

इस बार बरसात के मौसम ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। मौसम की बेरुखी से झुलसे सब्जी की फसल से हरी सब्जी के दाम आसमान छूने लगे हैं, जिससे किचेन का बजट बिगड़ गया है। महंगाई तथा मौसम की मार के असर से थाली से विभिन्न प्रकार की हरी सब्जी भी गायब हो रही है। झोला में भरकर घर जाने वाली सब्जी को लोग आज पॉलिथीन में ले जा रहे है। खरीदार के इंतजार में सब्जी विक्रेताओं को पूरे दिन इंतजार करना पड़ रहा है।



वहीं टमाटर का भाव सुन खरीदारों के चेहरे लाल हो जा रहे हैं। जहां प्रति सौ रुपये किलो टमाटर व हरी मिर्च का दाम डेढ़ सौ रुपये प्रति किलो के पार हो गया है। अदरक भी साढ़े तीन सौ रुपये तो हरी धनिया तीन सौ रुपये किलो मिल रही है। बहरहाल कोई भी हरी सब्जी 40 रुपये से कम नहीं मिल रही है। सब्जी उत्पादकों की मानें तो तेज धूप और लू से सब्जी के फसल झुलस गये हैं, जिससे बाजार में सब्जी बहुत कम पहुंच रही है। फसल के झुलस जाने से किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाल के दिनों में थोड़ी-बहुत बारिश हुई तो उससे भी सब्जी उत्पादकों को कोई विशेष लाभ नहीं हुआ है। सब्जी विक्रेता धनजी प्रसाद कहते हैं कि लू व तेज धूप के कारण सब्जी फसल झुलस गये, जिस वजह से हरी सब्जी ऊंची कीमत पर बेचना पड़ रहा है। जब तक नई सब्जी बाजार में नहीं आएगी तब तक सस्ता होने की कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने बताया कि दाम में उछाल होने का असर व्यवसाय पर भी पड़ रहा है। खरीदार भी कम जुट रहे हैं। अगर आ भी रहे हैं तो भाव पूछ कर ही लौट जा रहे हैं।

**हरी सब्जी दाम (प्रति किलो)**

| | |
|---|---|
| टमाटर | 140 |
| हरी मिर्च | 180 |
| खीरा | 50 |
| बैंगन | 80 |
| परवल | 50 |
| भिंडी | 40 |
| अदरक | 380 |
| हरा धनिया | 320 |

**बारिश के बाद और बिगड़ी हालातः** पिछले एक सप्ताह से जारी बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए है। भारी बारिश के कारण बोरो, करैला, कद्दू जैसे लतेदार सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। वहीं लगातार हो रही बारिश से आगात भदया सब्जियों की बुआई तथा उत्पादन भी प्रभावित होगा। जिससे अभी अगले दो महीने तक सब्जियों के भाव में सुधार की संभावना नहीं दिखाई पड़ रही है।

# ब्रह्म हत्या के पाप से बचने के लिए राजा दशरथ ने की थी महाहर धाम की स्थापना



**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**

जिले के मरदह विकास खंड अंतर्गत सलेमापुर देवकली ग्राम पंचायत में स्थित "महाहर धामङ ऐतिहासिक-पौराणिक महत्व के कारण लोगों की आस्था का केंद्र है। यह स्थान महाराजा दशरथ एवं माता-पिता भक्त श्रवण कुमार से जुड़े होने के कारण इस स्थल का ऐतिहासिक महत्व है। दूर-दराज से लोग एवं पर्यटक तक इस स्थल को देखने आते हैं। धाम परिसर में प्राचीन शिव मंदिर के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास के कारण वर्षभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है।

महाहर धाम पर सावन माह में कांवरियों का जत्था एवं भक्तों के आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। महाशिवरात्रि एवं सावन के सोमवार पर दूर-दूर से आए लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक- दुग्धाभिषेक करते हैं।

- सावन माह में देवाधिदेव के जलाभिषेक के लिए उमड़ता है आस्था का जनसैलाब
- धाम में प्राचीन शिव मंदिर के प्रति अटूट आस्था के कारण पूरे वर्ष रहती है भक्तों की भीड़



मान्यता है कि मंदिर में दर्शन-पूजन से मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर प्रति वर्ष यहां विशाल मेले का आयोजन होता है, जो एक सप्ताह तक चलता है। महाहर धाम परिसर में हर जाति के लोगों ने चंदा एकत्र कर अलग-अलग देवी देवताओं के मंदिर बनाए हैं। एक ही परिसर में स्थापित सभी मंदिर हिंदू धर्म की जातिगत व्यवस्था में निहित समरसता का संदेश देते हैं। मंदिरों में वर्षभर विविध आयोजन होते रहते हैं।

**श्रवण कुमार के नाम पर बसा है गांव :** मरदह ब्लॉक के महाहर धाम से कुछ दूरी पर स्थित सरडीह ग्राम पंचायत के बारे में कहा जाता है कि यह गांव श्रवण कुमार के नाम पर बसा है। अयोध्या के महाराजा दशरथ शिकार खेलने के क्रम में महाहर धाम के पास जंगल में पहुंचे थे। उसी समय श्रवण कुमार अपने अंधे माता-पिता को कांवर पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने के लिए उसी जंगल से गुजर रहे थे। अंधे माता-पिता को प्यास लगने पर वह उन्हें जंगल में एक स्थान पर बैठाकर पानी की तलाश में चले गए। वह सरोवर में पानी ले रहे थे तभी महाराजा दशरथ का शब्द भेदी बाण उन्हें लगा था। महाहर धाम परिसर में स्थित पोखरे के बारे में मान्यता है कि यह वही पोखरा है जहां श्रवण कुमार जल लेने गए थे।

**335 बीघे में विशाल ताल को पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा विकसित :** महाहर धाम से सटे करीब 335 बीघे में विशाल ताल स्थित है। इसे शासन एवं जिला प्रशासन पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने में जुटा है। यहां पिछले एक दशक में काफी कुछ बदलाव आया है। ताल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार द्वारा सुंदरीकरण का कार्य कराया गया है। यहां पार्क आदि भी बनवाया गया है। वन विभाग द्वारा भी सुंदरीकरण कर पार्क की शोभा बढ़ाई गई है।

## ...और कोशिशों के बाद भी नहीं मिला खजाने का रहस्य

राष्ट्रीय राजमार्ग–29 पर पूर्व दिशा में लगभग 35 किमी दूर स्थित महाहर धाम मरदह ब्लाक में है। यहां सावन में शिव भक्तों का रेला उमड़ता है। ऐसी मान्यता है कि इस धाम का निर्माण राजा दशरथ ने कराया था। यह भी कहा जाता है कि महाहर धाम में राजा दशरथ का शब्दभेदी बाण गलती से श्रवण कुमार को जा लगा, जिससे उनकी वहीं मौत हो गई थी। यही वह स्थान है, जहां श्रवण कुमार के अंधे और बूढ़े मां –बाप ने राजा दशरथ को श्राप दिया था और उन्होंने भी पुत्र वियोग में प्राण त्यागे थे। उससे पहले राजा दशरथ ने ब्रह्म हत्या से बचने के लिए इस स्थान पर शिव परिवार व भगवान ब्रह्मा की स्थापना की। लोगों की मानें तो राजा दशरथ यहां महल बनाए थे और अयोध्या से आते–जाते रहते थे। लोगों का मानना है कि राजा दशरथ की गढ़ी, वह जमीन नीचे दबी पड़ी है। ऐसी भी भी चर्चा है कि उसमें खजाना दबा हुआ है। जिसे कई बार निकालने की कोशिश हुई, लेकिन कोई कामयाब नहीं हुआ और आज भी वह रहस्य का विषय बना है। यह महल दशरथ के गढ़ी के नाम से विख्यात है।

**शिव मंदिर की स्थापना की कहानी :** महाहर धाम में शिव मंदिर स्थापना को लेकर कई किदवंतियां हैं। कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण व जीर्णोद्धार निःसन्तान व्यक्ति ने पुत्र प्राप्ति पर किया था। समय -समय पर महाहर धाम स्थित प्राचीन शिव मंदिर व महाहर धाम परिसर के सुंदरीकरण के लिए सरकार द्वारा काफी कार्य कराया गया है। इसमें महाहर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रहे भोलानाथ सिंह का भी योगदान है।

## खबरें फटाफट

### डिप्टी सीएमओ का निधन, शोक

**बलिया।** उप मुख्य चिकित्साधिकारी व सीएचसी नगरा के अधीक्षक सर्वेश कुमार गुप्ता का निधन बुधवार की रात उपचार के दौरान पीजीआई लखनऊ में हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड पड़ी। वे लंबे समय से कीडनी रोग से पीड़ित थे। दो दिन पहले उन्हें दिल का दौरा पडा था। उन्हे मऊ के नीजी अस्पताल में ले जाया गया जहां से उन्हें लखनऊ के लिये रेफर कर दिया गया। डा. गुप्ता मऊ जनपद के निवासी थे। नगरा में आवास बना कर सपरिवार रहते थे। काफी दिनों तक वे नगरा पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी भी रहे। उनके निधन की सूचना पर स्वास्थ्यकर्मियों में भी शोक व्याप्त हो गया। सीएचसी व पीएचसी पर कर्मचारियों ने इकट्ठा होकर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### ट्रेन से कटकर युवती की मौत

**बलिया।** वाराणसी– भटनी रेल मार्ग पर गुरुवार के सुबह तुतीर्पार गांव के पास रेलवे ट्रैक पर तेज रफ्तार ट्रेन से कटकर करीब 16 वर्षीय युवती की मौत हो गई। उभांव थाना पुलिस ने रेलवे ट्रैक से किशोरी का क्षत विक्षत शव बरामद किया है। जिसकी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। मृत युवती सफेद शर्ट, सफेद स्कर्ट और सफेद जूता मोजा पहनी हुई थी। घटनास्थल से पुलिस ने एक बैग बरामद किया है। जिसमें कुछ दवा बरामद किया है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया है और किशोरी की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है।

### मासिक स्टाफ बैठक 13 को

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में 13 जुलाई 2023 को दोपहर 12 बजे से मासिक स्टाफ बैठक राइफल क्लब सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने संबन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण अपने विभाग से संबन्धित विवरण पत्र 13 प्रतियों में शस्त्र लिपिक कलेक्ट्रेट गाजीपुर को 11 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराते हुए अद्यतन सूचनाओं के साथ निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में भाग लेने का निर्देश जारी किया है।

### ट्रक चोरी के बाद पुलिस हुई एक्टिव, कई घटनाओं का हुआ पदार्फाश

# अंतरप्रांतीय वाहन चोर गिरोह सीवान से गिरफ्तार, नगदी व असलहा भी बरामद

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के बैरिया थाना पुलिस टीम ने अंतरप्रांतीय वाहन चोर गिरोह के चार चोरों को बुधवार की देर शाम बैरिया पुलिस ने निकटवर्ती बिहार के सीवान से गिरफ्तार किया है। बैरिया क्षेत्र से चुराए गए ट्रक के अलावा चोरी की एक मारुति इको वैन, एक अपाची बाइक व 55 हजार रुपया नगद तीन 315 बोर का तमंचा व सात जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की सफलता पर पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बैरिया के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह व उनके सहयोगियों की पीठ थपथपाई है।

बता दें कि मंगलवार की रात जयप्रकाश नगर निवासी राजू यादव का ट्रक टोला शिवन राय के एक पेट्रोल पंप से चोरों ने चुरा लिया था, चोरी की घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। जिसमें एक एको वैन से चोर निकल कर मास्टर चाबी से ट्रक चालू कर बिहार की तरफ लेकर जाते दिखाई दिए। पुलिस बगैर समय गवाएं मुखबिर की सूचना पर सिवान जा ही रही थी कि रास्ते में ही बाबू के भटकन गांव थाना अनादर के पास मारूति इको वैन दिख गई। उस वैन में दो लोग बैठे हुए थे।जो यूपी पुलिस को देख कर दोनों भागने लगे किंतु पुलिस ने उसमे से एक युवक संतोष साह पुत्र राजपति साह ग्राम बाबू के भटकन थाना अनादर जिला सिवान बिहार को दौड़ा कर पकड़ लिया। उसकी जांच करने पर उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस के कड़ाई से पूछताछ पर उसने ट्रक चोरी में शामिल चंद्रभूषण सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह ग्राम छित्तनपुर थाना असाव जिला सिवान,शशि रंजन तिवारी पुत्र परमहंस तिवारी ग्राम बेलउ थाना दरौली जिला सिवान,चंदन यादव पुत्र विद्याधर यादव निवासी बलुआ मठिया थाना दरौली जिला सिवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से भी पुलिस को दो 315 बोर के तमंचा व चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उक्त आरोपियों के निशानदेही पर टोला शिवन राय से चुराया गया ट्रक व देवरिया से चुराई गई मारुति इको वैन के अलावा एक चोरी की अपाची मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद कर लिया।



- चोरी की वैन, एक बाइक व 55 हजार नगद तीन 315 बोर का तमंचा व 7 जिंदा कारतूस बरामद

**कई वाहन चुराकर बिहार में बेच दिया :** एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा इस क्षेत्र से कई वाहन चुराकर बिहार ले जाकर कूट रचित कागजात के सहारे बिहार बेचा गया है, जिसमे 26 जून की रात दुबेछपरा से चुराया गया ट्रक भी शामिल है। एसएचओ की मानें तो गिरफ्तार आरोपियों का एक बड़ा गिरोह है जो यूपी से वाहन चुराकर बिहार ले जाकर कूट रचित कागजातों के सहारे बेचते है। शिवन टोला से चोरी की ट्रक में गिरफ्तार आरोपियों के अलावा भोलू सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी मनिया थाना असाव जिला सिवान, कमलेश साह पुत्र राजपति साह निवासी बाबू के भटकन थाना अनादर जिला सिवान, बीरू यादव निवासी पिपराइच जिला सिवान,दीपक निवासी कटवार थाना असाव जिला सिवान, राजेश यादव निवासी शिवपुर थाना असाव जिला सिवान शामिल थे जो फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि उक्त घटना के राजफाश, गिरफ्तारी व बरामदगी में मेरे अलावे निरीक्षण अपराध राजीव कुमार, उपनिरीक्षक लालबहादुर शास्त्री, चौकी प्रभारी चांददीयर, गुरुप्रसाद सिंह के अलावा हेड कांस्टेबल विशाल यादव, अभिषेक सिंह विनय चौबे, पुनीत चौरसिया सहित दर्जनों पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक चोरी की घटना का राजफाश व अतंरप्रान्तीय गिरोह के चोरों की गिरफ्तारी पर क्षेत्रीय लोगों ने संतोष व्यक्त किया है।

## अपने हक के लिए दलितों ने भरी हुंकार




**बलिया।** रतसर नगर पंचायत के दक्षिणी चट्टी से डोम-मुसहर-नट धरिकार- बासफोर गरीब समाज पार्टी व अधिकार मंच के कार्यकत्ताओं ने नारे लगाते हुए पदयात्रा निकाला। जो पकड़ी तर बाजार,गांधी आश्रम होते हुए संपूणानंद इण्टर कालेज पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गया।

मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश बागी मुर्दहवा ने कहा कि गांवों में बंजर,परती, खलिहान एवं सड़क के किनारे झुग्गी झोपड़ी बनाकर हमारे लोग किसी तरह जीवन यापन करते आ रहे है। हमारे पास निजी जमीन नहीं है जिस पर हम अपना निजी घर बना सके। एक तरफ आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर हम अमृत महोत्सव मना रहें है तो दूसरी तरफ हमारा समाज मानवीय मूलभूत आवश्यकताओं जैसे रोटी, कपड़ा और मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि से वंचित अत्यंत गरीबी,भुखमरी एवं कुपोषण से ग्रसित दयनीय दशा में जीने को मजबूर है। देश में कई सरकारें आई लेकिन हमारे दशा दिशा में कोई परिवर्तन नही हुआ। ऐसी दशा में हम मानव होते हुए भी मानवीय आवश्यकताओं से वंचित और समाज की मुख्यधारा से उपेक्षित है। हमारा संघर्ष समाज को मुख्यधारा से जोड़कर समाज का उत्थान करना है। सभा को प्रमोद भाष्कर, जुगनू बासफोर, पन्नालाल ने संबोधित किया।

## बढ़ी चिंता: 36 घंटे में 15 सेमी बढ़ा सरयू नदी का जलस्तर, कटान भी हुआ तेज

**केटी न्यूज/बलिया**

सिकन्दरपुर तहसील क्षेत्र सिकन्दरपुर में सरयु नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है और इसी के साथ विभिन्न गांवों के दियारों में नदी का कटान भी क्रमशः तेज होता जा रहा है। जिस से सम्बन्धित गांवों के किसानों में खलबली मची हुई है।

कटान से सर्वाधिक प्रभावित सिसोटार,बिजलीपुर व पुरूषोत्तम पट्टी गांवों के दियारे हैं जहां पानी के तेज बहाव के कारण किसानों की उपजाऊ भूमि पल पल कट कर नदी में समाहित होती जा रही है। पिछले 36 घण्टे में जहां जलस्तर में करीब 15 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है वहीं लगभग तीन एकड़ जमीन कट कर नदी में विलीन हो चुकी है। पिछले एक पखवारा पूर्व सरयु का पानी अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया था जिस से नदी में जगह जगह बालू के टीले दिखाई पड़ रहे थे एवं लोग चारा लाने अथवा मवेशियों को ले कर जगह जगह से पैदल ही नदी पार कर इस पार से उस पार चले जाते थे।इस दौरान प्रदेश में रुक रुक कर हो रही कहीं तेज कहीं धीमी बारिश के चलते नदी में लगातार पानी भरता जा रहा है। जिससे जलस्तर में वृद्धि और कटान का लगना स्वाभाविक है।



**कई गांवों का अस्तित्व खतरे में :** उधर खरीद गांव के सामने स्थित निमार्णाधीन पक्का पुल के प्लान्ट के आसपास भी तेज कटान जारी है जिससे प्लान्ट को भी खतरा बढ़ता जा रहा है।यही नहीं यदि कटान इसी प्रकार जारी रहा तो पुल और किसानों की जमीन को बचाने के उद्देश्य से सुरक्षात्मक रूप से शासन द्वारा खरीद घाट की तरफ बढ़ाये गए अतिरिक्त पांच पायों के बाद भी कुछ अन्य पाए बढ़ाने पड़ सकते हैं।यही नहीं यदि आवश्यक स्थानों पर ठोकर नहीं बने तो खरीद के साथ ही जिन्दा पुर,पुरूषोत्तम पट्टी,बिजलीपुर, निपनिया,बहदुरा आदि गांवों के अस्तित्त्व को भी खतरा पैदा हो सकता है।.

## एक नजर

### ड्रग इंस्पेक्टर ने निरीक्षण के दौरान दवा दुकानदार को लगाई फटकार, लिए 6 नमूने

**बलिया।** औषधि निरीक्षक सिधेश्वर शुक्ल ने दवाओं के रखरखाव, लाइसेंस व अन्य कागजातों की जांच आदि को लेकर गुरुवार को रसड़ा के मेडिकल की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो दुकानों से विभिन्न दवाओं के 6 नमूने लिये गये। एक दुकान में गंदगी मिलने पर दुकानदार को फटकार लगाई और सफाई के निर्देश दिये। औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल ने बालाजी मेडिकल एजेंसी, श्रीनाथ मेडिकल एजेंसी से विभिन्न 6 दवाओं के नमूने लिए। इसके अलावा संगीता मेडिकल स्टोर, श्रीनाथ बाबा मेडिकल एजेन्सी व शिवा मेडिकल एजेंसी का निरीक्षण किया। इस दौरान संगीता मेडिकल स्टोर पर गंदगी मिलने पर संबंधित दुकानदार को फटकार लगाई और सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने-अपने दुकानों के लाइसेंस दुकानों पर प्रदर्शित करें जिससे आसानी से देखा जा सके। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक रवि शंकर पाण्डेय भी रहे।



### जरूरतमंदों की सेवा करना सच्चा धर्म : शमीम

**बलिया।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन शहर के बहेरी में स्थित सूर्योदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में किया गया। जिसमें बड़ी तादाद में ग्रामीणों ने निःशुल्क जांच का लाभ लिया। कैंप का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन उत्तर प्रदेश के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि यह योजना सरकार द्वारा निःशुल्क चलाई जा रही है,ऐसी योजनाएं सराहनीय है।गरीब, कमजोर,मरीज की सेवा करना सच्चा धर्म है।इसमें सहयोग करने वाली संस्थाएं और व्यक्तियों को मैं धन्यवाद देता हूं। इस तरह का कार्यक्रम निरंतर चलते रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,आलम,परमात्मानंद सिंह, दीपक श्रीवास्तव, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम, महमूद खान आए हुए सभी अतिथियों और आगंतुकों के प्रति आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य राम जी पांडेय ने किया।




### होटल पर प्रशासन ने किया नोटिस चस्पा

**गाजीपुर।** यूसुफपुर स्थित अंसारी परिवार के स्वामित्व वाले मिटाउन होटल के मुख्य द्वार पर गुरुवार को उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में पहुंचे अधिशासी अधिकारी व पुलिस फोर्स ने होटल के मुख्य द्वार पर नोटिस चस्पा कर अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने तक होटल को नहीं खोलने का निर्देश दिया है। तुफैल अंसारी द्वारा संचालित मिटाउन होटल जो कि मुहम्मदाबाद कस्बे के यूसुफपुर बाजार में स्थित है। जिसको उप जिलाधिकारी भारत भार्गव एवं क्षेत्राधिकारी मुहम्दाबाद हितेंद्र कृष्ण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वीरेंद्र कुमार राव सहित भारी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में होटल का संचालन रोककर उसके मुख्य गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। उप जिलाधिकारी भरत भार्गव ने बताया कि नगर के मध्य में स्थित मिड टाउन होटल कि विगत एक जुलाई को जांच की गई थी। जिसमें अग्निशमन संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र का न होना तथा जीएसटी प्रमाण पत्र का न होना तथा और भी अनेक कमियां पाई गई। भविष्य में दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुए होटल को बंद करते हुए नोटिस चस्पा किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि जबतक विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न कर लें तबतक इस होटल का संचालन कदापि न किया जाए। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा मुहम्मदाबाद नगर के अकटहिया मोहल्ले एवं काजी टोला में भू माफियाओं द्वारा अतिक्रमण किए गए पोखरों को जिसे भू माफियाओं द्वारा प्लाटिंग कर बेचने का काम किया जा रहा था। इसको स्थानीय प्रशासन ने जप्त करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की संपत्ति का बोर्ड लगा कर यथा शीघ्र पोखरे के रूप में परिवर्तित करने के दिशा निर्देश दिए हैं।



### फरार अभियुक्त के घर कुर्की की चस्पा नोटिस

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस ने अपना अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के सुरतापुर गांव निवासी संतोष कुमार पासवान पुत्र रामरतन पासवान के घर पर मुहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने डुगडुगी पिटवा कर धारा 82 के तहत कुर्की की नोटिस चस्पा कर दिया। गांव में डुगडुगी की आवाज एवं पुलिसकर्मियों की मौजूदगी को देखकर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं कोतवाली मुहम्मदाबाद के सब इंस्पेक्टर राजीव त्रिपाठी ने बताया कि अभियुक्त संतोष कुमार पासवान के खिलाफ न्यायालय मुहम्मदाबाद में मुकदमा विचाराधीन है। जिसमें अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा है। यदि 13 जुलाई तक अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।



### 8700 करोड़ रूपये से ज्यादा की परियोजनाओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास

# आज गोरखपुर से दो वंदे भारत एक्सप्रेस को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 07 जुलाई यानी कल शुक्रवार को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में गोरखपुर-लखनऊ वाया अयोध्या वंदे भारत एक्सप्रेस एवं जोधपुर-अहमदाबाद (साबरमती) वंदे भारत एक्सप्रेस सहित 02 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे तथा गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास भी करेंगे। उत्तर प्रदेश के लिये भारतीय रेल की 8700 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जा रहा है। प्रमुख नगरों को उन्नत तकनीक की सेमी हाई-स्पीड, सुरक्षित एवं आरामदायक वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवायें उपलब्ध कराने के क्रम में 02 वंदे भारत ट्रेनें जोधपुर से अहमदाबाद तथा गोरखपुर से लखनऊ वाया अयोध्या चलाई जा रही हैं। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के चलने से उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात की जनता को आरामदायक एवं बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। साथ ही आगामी 50 वर्षों की आवश्यकता को ध्यान में रखकर 498 करोड़ की लागत से गोरखपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है।




इसके उपरान्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में आयोजित समारोह में 8200 करोड़ रुपये से ज्यादा लागत की रेल परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करेंगे। इसके अन्तर्गत गाजीपुर सिटी-औंड़िहार एवं औंड़िहार-जौनपुर रेल खण्ड के दोहरीकरण, भटनी-औंड़िहार रेल खण्ड के विद्युतीकरण, उत्तर प्रदेश राज्य में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण एवं डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-सोननगर नई लाइन का लोकार्पण तथा व्यासनगर-पं दीन दयाल उपाध्याय जं. रेल फ्लाईओवर का शिलान्यास करेंगे। रेल खण्डों पर बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने के लिये रेल खंडों का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण किया जा रहा है। गाजीपुर सिटी-औंड़िहार (40 किमी) एवं औंड़िहार-जौनपुर (60 किमी) रेल खण्डों का दोहरीकरण का कार्य विद्युतीकरण के साथ पूर्ण किया गया है। भटनी-औंड़िहार रेल खण्ड (125 किमी) के विद्युतीकरण को पूरा किया गया। जिसके फलस्वरूप विद्युत इंजन चालित ट्रेनें गोरखपुर से सीधे औंड़िहार-वाराणसी होकर अन्य महानगरों के लिये चलाई जा रही हैं। शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के सभी बड़ी रेल लाइन नेटवर्क को पूर्ण रूप से विद्यतीकृत कर लिया गया है, जिससे इम्पोर्टेड डीजल की खपत में भारी कमी आई है, जिससे पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने में मदद मिलेगी। पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर पर 137 किमी लम्बे न्यू दीन दयाल उपाध्याय-न्यू सोननगर नई लाइन का निर्माण पूरा हो चुका है। यह रेल खंड झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के प्रमुख कोयला क्षेत्रों को उत्तर भारत के बिजली केंद्रों से जोड़ेगा।